तापमान
अधिकतम 35.8°c
न्यूनतम 27.4°c

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 4 जुलाई 2026

**नगर में आज**
- पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर मंडी में सीसीटीवी का करेंगे उद्घाटन सुबह 11 बजे
- एमडीयू में अखिल भारतीय कर्मचारी संघ की बैठक सुबह 10 बजे
- एमडीयू कैंपस स्कूल एल्युमनी लेफ्टिनेंट कुलदीप राठी की पुण्यतिथि पर हवन

**खबर संक्षेप**

### अवैध पिस्तौल व कारतूस समेत युवक गिरफ्तार
**रोहतक।** थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान विवेक उर्फ विक्की पुत्र जयवीर, निवासी गांव रोहणा, जिला सोनीपत के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्तौल और छह जिंदा कारतूस बरामद किए। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी के बाद उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से कोर्ट के आदेश पर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### घर के बाहर खड़ा ट्रैक्टर-डंपर चोरी
**रोहतक।** पहरावर गांव में घर के बाहर खड़े ट्रैक्टर और डंपर चोरी हो गए। पुलिस को दी शिकायत में राजेंद्र पुत्र सुलेमान निवासी पहरावर ने बताया कि 1 जुलाई की रात उसने अपना इंडो फार्म ट्रैक्टर और डंपर घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो ट्रैक्टर-डंपर मौके से गायब मिला। काफी तलाश के बाद भी ट्रैक्टर और डंपर का कोई सुराग नहीं लगने पर राजेंद्र ने पुलिस को शिकायत दी। शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार्यालय में चोरी, तीन के खिलाफ केस दर्ज
**रोहतक।** बालचंद चौक स्थित एक कार्यालय में चोरी के मामले में शिवाजी कॉलोनी थाना पुलिस ने नामजद समेत तीन युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर किया है। सुनारियां कलां निवासी शिकायतकर्ता प्रवेश ने बताया कि 2 जुलाई की सुबह कर्मचारियों ने सूचना दी कि रात में कार्यालय से दो मोबाइल फोन और 15 हजार रुपये नकद चोरी हो गए। सीसीटीवी फुटेज में रात करीब 2:40 बजे कार सवार तीन युवक कार्यालय में घुसकर चोरी करते दिखाई दिए। फुटेज के आधार पर एक आरोपी की पहचान अनिल उर्फ विजय उर्फ विक्की उर्फ छोटा निवासी सरगथल, जिला सोनीपत के रूप में हुई है, जो पहले भी कार्यालय में आ चुका है।

## दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालकों पर मेहरबानी

# पुलिस को नजर नहीं आते नाबालिग, शराब पीकर और फोन पर बात करते हुए वाहन चालने वाले

**पुलिस का फोकस केवल सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म, हेलमेट, नो पार्किंग और रॉन्ग साइड ड्राइविंग तक ही सीमित**

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

सड़क पर सबसे बड़ा खतरा वह चालक होता है, जो लालबत्ती तोड़ता है, शराब के नशे में वाहन दौड़ाता है या हाईवे की फास्ट लेन में धीमी रफ्तार से चलकर हादसों को न्योता देता है। लेकिन रोहतक ट्रैफिक पुलिस के छह महीने के रिकॉर्ड ने चौंकाने वाली तस्वीर पेश की है। पुलिस ने 310 से ज्यादा चालान जरूर किए, मगर रेड लाइट जंप, ड्रंक एंड ड्राइविंग और स्पीड लेन में धीमी गति से वाहन चलाने जैसे सबसे गंभीर अपराधों में एक भी चालान दर्ज नहीं हुआ। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या पुलिस की नजर केवल हेलमेट और सीट बेल्ट तक ही सीमित है, जबकि दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले वाहन चालक बेखौफ सड़कों पर दौड़ रहे हैं। पुलिस भी समय-समय पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर ट्रैफिक नियमों का पालन कराने का दावा करती है। इसके बावजूद उपलब्ध आंकड़े बताते हैं कि कार्रवाई का फोकस मुख्य रूप से हेलमेट, सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म और नो पार्किंग जैसे मामलों तक सीमित रहा।



### सबसे अधिक चालान हेलमेट न पहनने वालों के रेड लाइट जंप करने का एक भी चालान नहीं
छह महीनों में कुल 310 से अधिक चालान किए गए। इनमें सबसे अधिक 150 चालान बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के हैं। इसके अलावा 50 चालान वाहनों पर प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म लगाने, 50 चालान नो पार्किंग में वाहन खड़ा करने, 40 चालान सीट बेल्ट नहीं लगाने और 20 चालान रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के किए गए।हालांकि सबसे हैरानी की बात यह रही कि इस अवधि में रेड लाइट जंप करने वाले किसी भी वाहन चालक का चालान नहीं हुआ। शहर के प्रमुख चौक दिल्ली बाईपास, मेडिकल मोड़, हिसार रोड और झज्जर चौक पर अक्सर वाहन चालक लाल बत्ती की अनदेखी करते दिखाई देते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई का आंकड़ा शून्य होना कई सवाल खड़े करता है।

### हादसों की वजह
शराब पीकर वाहन चलाना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण माना जाता है। पुलिस समय-समय पर ड्रंक एंड ड्राइविंग के खिलाफ अभियान चलाने की बात कहती है, लेकिन छह महीने के रिकॉर्ड में इस श्रेणी में भी एक भी चालान दर्ज नहीं है। सड़क सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर सख्ती दुर्घटनाओं को काफी हद तक कम कर सकती है। हाइवे और एक्सप्रेस-वे पर स्पीड लेन में धीमी गति से वाहन चलाना भी दुर्घटनाओं का कारण बनता है। मोटर वाहन नियमों के अनुसार तेज गति वाले वाहनों के लिए निर्धारित लेन में अनावश्यक रूप से धीमी रफ्तार से वाहन चलाना भी नियमों का उल्लंघन है। इसके बावजूद इस श्रेणी में भी कोई चालान दर्ज नहीं किया गया।

### जानिए... प्रमुख ट्रैफिक नियम
- दोपहिया वाहन पर आईएसआई मार्क हेलमेट पहनना जरूरी
- कार चलाते समय चालक और आगे बैठे यात्री के लिए सीट बेल्ट जरूरी।
- लाल बत्ती पार करना कानूनन अपराध।
- शराब पीकर वाहन चलाना दंडनीय।
- रॉन्ग साइड वाहन चलाना प्रतिबंधित।
- नो पार्किंग में वाहन खड़ा करना गलत।
- वाहनों पर प्रतिबंधित ब्लैक फिल्म अवैध।
- निर्धारित गति सीमा, ट्रैफिक सिग्नल और लेन अनुशासन का पालन करना जरूरी।
- मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए ड्राइविंग न करें।
- नशे की हालत में वाहन बिल्कुल न चलाएं।
- दूसरे वाहन चालकों और पैदल यात्रियों को रास्ता दें।
- लेन बदलने से पहले इंडिकेटर का प्रयोग करें।

### चालान काटना नहीं, व्यक्ति की सुरक्षा भी जरूरी
ट्रैफिक नियमों का उद्देश्य केवल चालान काटना नहीं, बल्कि सड़क पर हर व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। यदि गंभीर उल्लंघनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं होगी तो सड़क हादसों पर अंकुश लगाना मुश्किल होगा। आम लोगों का भी मानना है कि पुलिस को छोटे उल्लंघनों के साथ-साथ उन मामलों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, जिनसे सीधे लोगों की जान खतरे में पड़ती है। केवल हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच से सड़क सुरक्षा का लक्ष्य पूरा नहीं होगा। रेड लाइट जंप, ड्रंक एंड ड्राइविंग, ओवर स्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाना और मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग जैसे मामलों पर लगातार निगरानी और सख्त कार्रवाई जरूरी है। तभी सड़कों पर अनुशासन और दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है।

# गोशालाओं के नाम पर चंदा, 40-60 का धंधा

**खुद को धार्मिक दिखाने के लिए बड़ी पगड़ी पहनकर देते हैं घरों में दस्तक**
**गोसेवा और धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर अधिक राशि देने का बनाते हैं दबाव**

हरिभूमि विशेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

गोशालाओं के नाम पर चंदा जुटाने के नाम पर जिले में एक ऐसा नेटवर्क सक्रिय होने की शिकायतें सामने आ रही हैं, जिसे स्थानीय स्तर पर लोग 40-60 का धंधा कहकर संबोधित कर रहे हैं। आरोप है कि कुछ गोशाला संचालक चंदा एकत्रित करने के लिए लोगों की टीमें लगाते हैं। ये टीमें ऐसे अवसर तलाशती हैं, जब किसी परिवार में सेवानिवृत्ति, गृह प्रवेश, जन्मदिन, विवाह या अन्य खुशी का आयोजन हो। ऐसे आयोजनों में पहुंचकर बड़ी राशि के चंदे की मांग की जाती है और बाद में सौदेबाजी तक की नौबत आ जाती है। शुक्रवार को बोहर गांव में ऐसे ही 2 मामले सामने आए।

हाल ही में सेवानिवृत्त हुए एक कर्मचारी के घर कुछ लोग गोशाला के नाम पर पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले 51 हजार रुपये का चंदा मांगा गया। जब परिवार ने इतनी राशि देने से इनकार किया तो कथित रूप से 21 हजार रुपये की रसीद काटने की बात कही गई।

परिवारों ने 21 हजार रुपये नहीं दिए तो फिर 5100 रुपये की पर्ची आखिरकार थमा ही दी। इसके बाद चंदा देने वाले को एक-एक मौके पर तैयार सम्मान पत्र और गले में पहनाने के लिए सम्मान पट्टा भी दिया गया। बताया जाता है कि सम्मान पत्र पहले से तैयार रहते हैं और केवल दानदाता का नाम मौके पर भर दिया जाता है। लोगों का कहना है कि ऐसी टीमें विशेष रूप से शहर की पॉश कॉलोनियों और आर्थिक रूप से संपन्न परिवारों को निशाना बनाती हैं। आरोप है कि गोसेवा और धार्मिक भावनाओं का सहारा लेकर लोगों पर अधिक राशि देने का दबाव बनाया जाता है।

### कुछ लोगों ने बनाया कमाई का जरिया



गोशालाओं के नाम पर चंदे को कुछ लोगों ने कमाई का जरिया बना लिया है। कई जगह सीमित संख्या में गोवंश रखकर एक ओर दूध बेचकर तो दूसरी ओर गोशाला के नाम पर घर-घर जाकर चंदा एकत्र कमाई की जा रही है।हमारी संस्था कभी गली-मोहल्लों में टीम भेजकर चंदा नहीं मांगती। जो भी व्यक्ति सहयोग करना चाहता है, स्वयं गोशाला पहुंचकर इच्छा और क्षमता के अनुसार दान करता है। कुछ जगह चंदा एकत्र करने वालों को एकत्रित राशि का 40 फीसदी हिस्सा देकर शेष संचालक रख लेते हैं।यही वजह है कि इसे40-60 का धंधा कहा जाने लगा है। **-पुष्पा राणा,** बेसहारा गोवंश सेवा समिति की संचालक

### दान देने से पहले ध्यान दें
गांवों में गोशालाओं ने चंदा जुटाने के लिए गांवों के क्षेत्र भी आपस में बांट रखे हैं। लोगों के अनुसार प्रत्येक गोशाला की टीम तय गांवों में ही जाकर सहयोग राशि एकत्रित करती है, ताकि एक ही गांव में कई गोशालाओं की टीमें पहुंचने से टकराव की स्थिति न बने। ग्रामीण अपनी श्रद्धा और आर्थिक क्षमता के अनुसार गोशालाओं को दान देते हैं। कई स्थानों पर वर्षों से एक ही गोशाला की टीम नियमित रूप से गांवों में पहुंचती है, जिसके कारण ग्रामीण भी उसी संस्था को सहयोग करना उचित समझते हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि दान देने से पहले लोगों को यह जरूर देखना चाहिए कि संबंधित गोशाला वास्तव में गोवंश की सेवा कर रही है या नहीं। यदि कोई व्यक्ति चंदे के लिए दबाव बनाता है या अत्यधिक राशि की मांग करता है तो उसकी जानकारी संबंधित संस्था या प्रशासन को देना उचित रहेगा।

### लोगों की आस्था की न हो सौदेबाजी
सामाजिक कार्यकर्ताओं का कहना है कि किसी भी संस्था को दान देने से पहले उसकी वैधता और कार्यप्रणाली की जानकारी अवश्य लें। यदि कोई व्यक्ति घर पहुंचकर बड़ी राशि का दबाव बनाए या तत्काल भुगतान के लिए कहे तो उसकी पहचान, संस्था का पंजीकरण और संपर्क विवरण अवश्य जांचें। केवल सम्मान पत्र, रसीद या धार्मिक प्रतीकों के आधार पर दान देने का निर्णय न लें। यदि किसी प्रकार की जबरन वसूली, दबाव या संदिग्ध गतिविधि का सामना करना पड़े तो इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन या पुलिस को दी जा सकती है। ध्यान रहे कि गोसेवा एक सामाजिक और धार्मिक सरोकार का विषय है। ऐसे में वास्तविक रूप से कार्य करने वाली संस्थाओं और कथित तौर पर चंदा उगाही को माध्यम बनाने वाले लोगों के बीच अंतर करना जरूरी है, ताकि लोगों की आस्था की सौदेबाजी न हो और दान सही स्थान तक पहुंचे।

# खड़े ट्रक से टकराई बाइक 20 साल के युवक की मौत

## मकड़ौली टोल के पास हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मकड़ौली टोल प्लाजा के पास सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में बाइक टकराने से 20 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान गांव सांघी निवासी 20 वर्षीय तरुण के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि तरुण अपनी बाइक पर कहीं जा रहा था। जब वह मकड़ौली टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो उसकी बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा टकराई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी।

पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। जांच अधिकारी का कहना है कि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। यह भी देखा जा रहा है कि ट्रक सड़क पर किस स्थिति में खड़ा था और क्या आवश्यक सुरक्षा संकेत लगाए गए थे। जांच पूरी होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इकलौता बेटा था तरुण


परिजनों के अनुसार तरुण परिवार का इकलौता बेटा था और उसकी दो बहनें हैं। उसके पिता एक निजी कंपनी में चालक के रूप में कार्यरत हैं। बेटे की अचानक हुई मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घर में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि तरुण मिलनसार स्वभाव का युवक था और उसकी मौत की खबर सुनते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। अंतिम दर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण और रिश्तेदार मौजूद रहे।

## नहरी विभाग ने पाटी भिवानी सब ब्रांच नहर, किसानों ने मांगा मुआवजा



**रोहतक (हरिभूमि न्यूज)।** बैंसी-लाखनमाजरा गांव के पास (आरडी-44000-एल) भिवानी सब ब्रांच नहर में दरार की सूचना मिलते ही सिंचाई विभाग की टीम मौके पर पहुंची। विभाग ने ग्रामीणों के सहयोग से जेसीबी और बुलडोजर मशीनों की मदद से युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य शुरू किया और कुछ ही घंटों में टूटी हुई पटरी को पाट दिया। नहर से पानी का रिसाव पूरी तरह रोक दिया गया है। सिंचाई विभाग का कहना है कि प्रारंभिक तौर पर आशंका है कि नहर की पटरी में चूहों द्वारा बिल बनाए जाने से यह घटना हुई हो सकती है। हालांकि नहर टूटने के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए विभागीय जांच कराई जाएगी। वहीं, किसानों ने प्रशासन से फसलों के हुए नुकसान का सर्वे कराकर उचित मुआवजा देने की मांग की है। उनका कहना है कि अचानक आई बाढ़ जैसी स्थिति से उनकी तैयार फसलें पूरी तरह पानी में डूब गई हैं, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। गौरतलब है कि गुरुवार को नहर में दरार आने से बैंसी और लाखनमाजरा क्षेत्र की सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो गई और खेतों में खड़ी फसलों को भारी नुकसान पहुंचा।

# नरेंद्र कुमार ट्रांसफर, सत्येंद्र दूहन नए निगमायुक्त

## महज 37 दिन के बाद बदला कार्यभार, फिर संभालेंगे अतिरिक्त उपायुक्त की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

रोहतक नगर निगम में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए निगम आयुक्त नरेंद्र कुमार का तबादला कर दिया गया है। अब वह पुन अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। वहीं, उनकी जगह वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सत्येंद्र दूहन को रोहतक नगर निगम का नया आयुक्त नियुक्त किया गया है। वह अपने वर्तमान पदों का कार्यभार भी पहले की तरह संभालते रहेंगे। नरेंद्र कुमार ने नगर निगम आयुक्त के रूप में करीब एक माह सात दिन तक कार्य किया। इस दौरान उन्होंने शहर में विकास कार्यों की समीक्षा, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, निर्माण कार्यों के निरीक्षण तथा विभिन्न प्रशासनिक सुधारों को लेकर कई कदम उठाए थे। उन्होंने नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का लगातार निरीक्षण किया और गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए थे।





सरकार के आदेशों के अनुसार अब सत्येंद्र दूहन रोहतक नगर निगम के नए आयुक्त होंगे। वर्तमान में वह निदेशक, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण, हरियाणा तथा हरियाणा सरकार में अतिरिक्त सचिव, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के पद पर कार्यरत हैं। नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार भी अब उनके पास रहेगा।

### पार्षदों ने धरना तक दिया
नरेंद्र कुमार के कार्यकाल के दौरान उनके अतिरिक्त प्रभार को लेकर जिला परिषद के कुछ पार्षदों ने भी विरोध दर्ज कराया था। जिला परिषद के पांच पार्षद उनके समर्थन में धरने पर बैठे थे। उनका कहना था कि नरेंद्र कुमार को केवल अतिरिक्त उपायुक्त की जिम्मेदारी ही दी जानी चाहिए और नगर निगम आयुक्त का अतिरिक्त कार्यभार किसी अन्य अधिकारी को सौंपा जाए, ताकि प्रशासनिक कार्यों का बेहतर संचालन हो सके। पार्षदों ने इस मामले को चंडीगढ़ तक भी उठाया था और सरकार से अतिरिक्त प्रभार हटाने की मांग की थी। इसके बाद जारी प्रशासनिक आदेशों के तहत अब नरेंद्र कुमार को नगर निगम आयुक्त के पद से मुक्त कर दिया गया है और वह पुन एडीसी के रूप में कार्य करेंगे।

**एचटेट** | पुलिस बल के साथ जिले में 6 उड़नदस्ते और 32 ड्यूटी मजिस्ट्रेट करेंगे निगरानी

# जिले में 27 केंद्रों पर 16470 अभ्यर्थी देंगे पात्रता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से 4 व 5 जुलाई को होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा को जिला प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। जिले में 27 केंद्रों कुल 16470 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इनमें 4 जुलाई को शाम के सत्र में लेवल-3 (पीजीटी) की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक 18 केंद्रों पर आयोजित होगी।

वहीं 5 जुलाई को सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक लेवल-2 (टीजीटी) तथा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक लेवल-1 (पीआरटी) की परीक्षा 27 परीक्षा केंद्रों पर होगी। उपायुक्त ने अभ्यर्थियों से परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देशों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि परीक्षा शुरू होने से दो घंटे 10 मिनट पहले अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश दिया जाएगा, लेकिन परीक्षा शुरू होने से एक घंटे पहले के बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।

यानी सुबह की परीक्षा के लिए सुबह 9 बजे और शाम की परीक्षा के लिए दोपहर 2 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक को प्रश्नपत्र ट्रंक के वितरण, सुरक्षित भंडारण और प्राप्ति की जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम को सभी परीक्षा केंद्रों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा जिला रेडक्रॉस सोसायटी को प्रत्येक केंद्र पर व्हीलचेयर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

### परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम: डीसी
उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती के साथ-साथ उड़नदस्ता अधिकारियों, ड्यूटी मजिस्ट्रेटों और विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। डीसी ने बताया कि अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार को परीक्षा का ओवरऑल इंचार्ज बनाया गया है। जिले में छह उड़नदस्ता अधिकारी, 32 ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो परीक्षा के दौरान विभिन्न केंद्रों पर निगरानी रखेंगे। प्रश्नपत्रों को सुरक्षित ढंग से परीक्षा केंद्रों तक पहुंचाने और उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित संकलन की भी विशेष व्यवस्था की गई है।

### इनको सौंपा दायित्व
उपायुक्त ने बताया कि सांपला की एसडीएम अंकिता पुवार, रोहतक के एसडीएम आशीष कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार, महम सहकारी चीनी मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर, रोहतक सहकारी चीनी मिल की प्रबंध निदेशक श्वेता सुहाग तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल को उड़नदस्ता अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्वेता सुहाग को परीक्षा समाप्ति के बाद ओएमआर शीट प्राप्त कर बोर्ड के जिला प्रश्नपत्र स्क्वॉड को सौंपने का दायित्व भी सौंपा गया है। तहसीलदार यशपाल को खजाना कार्यालय में परीक्षा सामग्री एवं प्रश्नपत्र ट्रंक के सुरक्षित भंडारण का नोडल अधिकारी बनाया गया है, जबकि नायब तहसीलदार विजेंद्र सिंह सहयोग करेंगे।

### बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी कैमरे जैमर व वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था
डीसी ने स्पष्ट किया कि परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट या सामान्य घड़ी, पेजर तथा किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रवेश से पहले सभी अभ्यर्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। सभी केंद्रों पर जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन, सीसीटीवी कैमरे और वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि नेत्रहीन एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों को प्रति घंटे 20 मिनट के हिसाब से कुल 50 मिनट अतिरिक्त समय दिया जाएगा। महिला अभ्यर्थियों को केवल मंगलसूत्र, बिंदी और सिंदूर पहनने की अनुमति होगी, जबकि अन्य आभूषण प्रतिबंधित रहेंगे। सिख अभ्यर्थियों को धार्मिक आस्था से जुड़े प्रतीक साथ रखने की अनुमति रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी अभ्यर्थी समय से पहले परीक्षा केंद्र पहुंचें और बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों का पालन कर परीक्षा को सफल बनाने में सहयोग करें।

# पूर्व बार प्रधान लोकेंद्र फौगाट की अग्रिम जमानत खारिज

- वित्तीय अनियमितता मामले में अदालत का बड़ा फैसला

**रोहतक।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान लोकेंद्र फौगाट उर्फ जोजो को कथित वित्तीय अनियमितताओं के मामले में बड़ा कानूनी झटका लगा है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, रोहतक ने थाना आर्य नगर में दर्ज एफआईआर में दायर उनकी अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी।

अदालत ने अपने आदेश में कहा कि प्रथमदृष्टया आरोप गंभीर प्रकृति के हैं और निष्पक्ष व प्रभावी जांच के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है। मामला जिला बार एसोसिएशन के फंड में कथित वित्तीय अनियमितताओं, गबन और रिकॉर्ड में हेराफेरी से जुड़ा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि मामले की जांच अभी प्रारंभिक और महत्वपूर्ण चरण में है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार कई अहम दस्तावेजों की बरामदगी, वित्तीय लेन-देन की जांच तथा कथित धन के प्रवाह का पता लगाया जाना अभी बाकी है। ऐसे में जांच को तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाने के लिए आरोपी से हिरासत में पूछताछ आवश्यक है।अदालत ने यह भी माना कि मामले की गंभीरता और जांच की आवश्यकताओं को देखते हुए अग्रिम जमानत देने का कोई आधार नहीं बनता। इसी आधार पर लोकेंद्र फौगाट उर्फ जोजो की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी गई।

## परिसर में लाखों की लागत से लगे वाटर कूलरों की हालत कबाड़ जैसी

- सड़ांध मार रहे सरकारी कार्यालयों के शौचालय
- जेई विकास बोले, शनिवार और रविवार को एसडीएम आएंगे तो टैंकर भिजवा देंगे

# महम लघु सचिवालय में व्यवस्थाएं वेंटिलेटर पर, एक माह से पानी को तरस रहे कर्मचारी




राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

एक तरफ जहां प्रदेश सरकार 'स्वच्छ भारत मिशन' और 'सुशासन' के बड़े-बड़े दावे करते नहीं थकतीं, वहीं जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। रोहतक जिले के महम उपमंडल का लघु सचिवालय इन दिनों खुद प्रशासनिक लाचारी और घोर उपेक्षा का जीवंत उदाहरण बना हुआ है। इस मुख्य प्रशासनिक केंद्र में पिछले एक महीने से पीने का पानी तक मयस्सर नहीं है। परिसर में लाखों रुपये की लागत से लगे वाटर कूलर आज कबाड़ की तरह सूखे पड़े हैं। हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि देश के लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण स्तंभ में बैठकर सरकार की नीतियां लागू करने वाले कर्मचारियों को खुद अपनी जेब ढीली कर हर दिन पीने का पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है।

### भयंकर गंदगी से परिसर में बैठना दूभर

शौचालयों में पसरी भयंकर गंदगी, सड़ांध से परिसर में बैठना दूभर हो गया है। लघु सचिवालय के भीतर बने शौचालयों की स्थिति इस समय नरकीय हो चुकी है। एक महीने से पानी की सप्लाई ठप होने के कारण शौचालयों में फ्लश तक चलाने का पानी नहीं है। इसके चलते वहां भयंकर गंदगी जमा हो गई है। आलम यह है कि शौचालयों से उठने वाली तीव्र सड़ांध और बदबू अब पूरे परिसर के गलियारों और कमरों तक फैल चुकी है। इस असहनीय बदबू के कारण उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का अपने दफ्तरों में बैठना भी दूभर हो गया है। सबसे ज्यादा परेशानी उन महिला कर्मचारियों और रोजाना अपने जरूरी काम जैसे रजिस्ट्री, प्रमाण पत्र, लाइसेंस आदि के लिए आने वाली महिला नागरिकों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें बुनियादी स्वच्छता तक नसीब नहीं हो रही है। एक महिला कर्मचारी ने बताया कि हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि वह इस गर्मी में भी पानी कम पीती हैं, ताकि लघुशंका के लिए शौचालय में न जाना पड़े।

### कभी कभार हो जाती है पानी की किल्लत : उप अधीक्षक

एसडीएम कार्यालय की डिप्टी सुप्रीटेंडेंट रोशनी ने बताया कि कभी कभार तो ऐसे भीषण गर्मी के मौसम में पानी की किल्लत हो ही जाती है। ऐसी कोई बड़ी परेशानी नहीं है।

### एसडीएम आएंगे तो मिलेगा पानी

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई विकास हुड्डा ने बताया कि एक महीने से पानी की किल्लत की बात बिल्कुल गलत है। हां, आज लघुसचिवालय के बुस्टिंग स्टेशन की मोटर जलने की सूचना उनके पास पहुंची है और एसडीएम कार्यालय से रीडर का फोन आया था कि शनिवार और रविवार को भी एसडीएम कार्यालय में आएंगे, इसलिए कल पानी का एक टैंकर भिजवा दें। शनिवार को टैंकर भेज दिया जाएगा।

### अधिकारियों की नाक के नीचे फैली अव्यवस्था

इस पूरे मामले में सबसे हैरान करने वाली और चिंताजनक बात यह है कि इसी लघु सचिवालय परिसर के भीतर उपमंडल के सबसे शीर्ष अधिकारी एसडीएम और तहसीलदार बैठते हैं। जिनके कंधों पर पूरे क्षेत्र की कानून व्यवस्था और विकास का जिम्मा है। वे खुद इस बदहाली के बीच बैठ रहे हैं। अधिकारियों की नाक के नीचे पूरा प्रशासनिक अमला और जनता इस बदइंतजामी को झेलने को मजबूर है। उपमंडल के सभी विभागों के अधिकारी भीतर ही भीतर इस अव्यवस्था से बेहद परेशान और आक्रोशित हैं, लेकिन सरकारी सेवा नियमावली के बंधनों के कारण कोई भी खुलकर कैमरे के सामने बोलने को तैयार नहीं है।





### आम जनता व कर्मचारियों में भारी रोष

सचिवालय में अपनी ज़मीन का काम करवाने आए स्थानीय ग्रामीणों और बुजुर्गों का गुस्सा सातवें आसमान पर है। परिसर में आए नागरिकों ने अपना दुखड़ा रोते हुए कहा कि लघु सचिवालय किसी भी उपमंडल का दिल होता है, जहां लोग न्याय और काम की उम्मीद लेकर आते हैं। अगर सरकार अपने सबसे बड़े कार्यालय में पीने का पानी और साफ शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं नहीं दे सकती, तो सुदूर गांवों की स्थिति का अंदाजा आसानी से लगाया जा सकता है।

## कंपनी नहीं कर रही टेंडर की शर्तों का पालन, सफाई व्यवस्था प्रभावित, आमजन परेशान

# कूड़ा संग्रहण एजेंसी पर भड़के पार्षद बोले महापौर व आयुक्त उच्चस्तरीय जांच करवाएं

- एफआरडी टैग, वाहनों की संख्या, हेल्पर, सेकेंडरी कलेक्शन प्वाइंट और सफाई व्यवस्था में अनियमितताओं का लगाया आरोप, कई वार्डों के पार्षद हुए एकजुट
- एजेंसी के कार्य के छह महीने बाद भी शहर में घरों पर नहीं लगे हैं एफआरडी टैग, संग्रहण व्यवस्था पर सवाल : नागपाल


रोहतक। शिकायत के दौरान मौके पर मौजूद पार्षद। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

नगर निगम क्षेत्र में घर-घर से कूड़ा उठाने का कार्य कर रही एजेंसी के खिलाफ नगर निगम के कई पार्षद एकजुट हो गए हैं। पार्षदों ने महापौर और नगर निगम आयुक्त को शिकायत सौंपते हुए एजेंसी के कार्यों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है। उनका आरोप है कि एजेंसी टेंडर की शर्तों का पूरी तरह पालन नहीं कर रही, जिससे शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षदों कपिल नागपाल ने कहा कि एजेंसी को कार्य शुरू किए करीब छह महीने हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सभी घरों पर एफआरडी टैग नहीं लगाए गए हैं। टेंडर की शर्तों के अनुसार घर-घर से कूड़ा उठाने के दौरान प्रत्येक टैग को नियमित रूप से स्कैन किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। इससे कूड़ा संग्रहण व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। शिकायत में यह भी कहा गया कि एजेंसी ने टेंडर और वर्क ऑर्डर में जितने वाहन एवं ई-रिक्शा लगाने का दावा किया था, धरातल पर उतने वाहन दिखाई नहीं देते। पार्षदों ने मांग की कि एजेंसी के यार्ड और गोदामों में लगे सीसीटीवी कैमरों की नियमित जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि प्रतिदिन सभी वाहन और ई-रिक्शा निर्धारित संख्या में कार्य के लिए निकल रहे हैं या नहीं। साथ ही प्रत्येक वार्ड में प्रतिदिन चलने वाले वाहनों का भी भौतिक सत्यापन कराया जाए।

### ये रहे मौजूद

इस शिकायत पर वार्ड-2 की पार्षद आशा लता, वार्ड-3 की ज्योति, वार्ड-4 के रिंकू नागर, वार्ड-5 के सुरेश किराड़, वार्ड-7 के कपिल नागपाल, वार्ड-8 की अंजू सैनी, वार्ड-12 के सुशील नांदल, वार्ड-15 की अनिता मिगलानी, वार्ड-18 की बेबी रोहिल्ला, वार्ड-20 के प्रवीण कौशिक, वार्ड-21 के बिजेंद्र बैरागी तथा मनोनीत पार्षद अशोक वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षर कर संयुक्त रूप से कार्रवाई की मांग की है।

### चालक माइकों का नहीं करते उपयोग

पार्षदों ने आरोप लगाया कि अधिकांश कूड़ा संग्रहण वाहनों में लगे माइक या तो खराब हैं या चालक उनका उपयोग नहीं करते, जिससे लोगों को वाहन आने की जानकारी नहीं मिल पाती। इसके अलावा टेंडर में प्रत्येक वाहन के साथ हेल्पर की व्यवस्था का प्रावधान होने के बावजूद अधिकांश वाहनों में हेल्पर मौजूद नहीं रहता। शिकायत में सेकेंडरी कूड़ा संग्रहण प्वाइंटों की सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए गए हैं। पार्षदों का कहना है कि कई स्थानों पर दो-दो दिन तक कूड़ा नहीं उठाया जाता, जबकि एजेंसी को प्रतिदिन कम से कम दो बार इन प्वाइंटों को साफ करना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से सुबह, दोपहर और शाम नियमित निरीक्षण करने की मांग की है।

### कर्मचारियों की संख्या की भी होनी चाहिए कड़ी जांच

इसके अलावा एजेंसी द्वारा पोर्टल पर दर्शाए गए कर्मचारियों की वास्तविक संख्या की भी जांच कराने की मांग की गई है। पार्षदों का आरोप है कि रिकॉर्ड और धरातल की स्थिति में अंतर हो सकता है, जिसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक है। वार्ड-7 के किला मोहल्ला, पाड़ा मोहल्ला और तेज कॉलोनी जैसी तंग बस्तियों का विशेष उल्लेख करते हुए पार्षदों ने कहा कि इन क्षेत्रों में कूड़ा उठाने वाले वाहन और ई-रिक्शा नियमित रूप से नहीं पहुंच रहे। वहीं उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि एफआरडी टैग कई बार एक ही स्थान पर बैठकर स्कैन किए जा रहे हैं, जिससे पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।



## बाल विवाह कराने या उसे बढ़ावा देने पर दो वर्ष तक कारावास की सजा का प्रावधान

**रोहतक।** संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी, वन स्टॉप सेंटर तथा एमडीडी ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह निषेध कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और जागरूकता को लेकर शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बाल कल्याण समिति के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक ने की। बैठक में संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी करमिंदर कौर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की और 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह कराना संज्ञेय और गैर जमानती अपराध है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह कराने, उसे बढ़ावा देने या उसमें सहयोग करने वाले व्यक्ति को दो वर्ष तक के कारावास और एक लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।



## वृक्ष पर्यावरण संतुलन व स्वच्छ वायु प्रदान करने में निभाते हैं अहम भूमिका : तंवर

**महम।** सहकारिता सप्ताह के तहत महम सहकारी चीनी मिल परिसर में पौधारोपण अभियान चलाया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मिल के प्रबंध निदेशक मुकुंद तंवर ने पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की और अधिकारियों व कर्मचारियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। तंवर ने कहा कि वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने, स्वच्छ वायु उपलब्ध कराने और आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि सहकारिता केवल आर्थिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक और पर्यावरणीय दायित्वों के निर्वहन का भी सशक्त माध्यम है।

## दयानंद मठ में मासिक वैदिक सत्संग कल

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में 5 जुलाई को पंडित जगदेव सिंह सिद्धांती भवन, दयानंद मठ रोहतक में मासिक वैदिक सत्संग का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के अधीक्षक मनजीत श्योराण ने दी। सत्संग का आयोजन सुबह 9 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक यज्ञ के साथ किया जाएगा। इसके बाद आर्य जगत के प्रसिद्ध वैदिक विद्वान एवं प्रवक्ता आचार्य दयाशंकर वैदिक ज्ञान, धर्म और संस्कारों पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। सत्संग में आर्य समाज के प्रसिद्ध भजनोपदेशक रामनिवास आर्य एवं सुरेंद्र कुमार 'सरस' अपने मधुर एवं प्रेरणादायी भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम का समापन शांति पाठ के साथ होगा। इसके उपरांत सभी श्रद्धालु ऋषि लंगर में सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजकों ने सभी आर्य बंधुओं एवं श्रद्धालुओं से परिवार सहित समय पर पहुंचकर सत्संग में भाग लेने और धर्मलाभ प्राप्त करने का आह्वान किया है

## महायज्ञ के साथ 250 पौधों का रोपण बच्चों को दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रोहतक।** आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में शुक्रवार को श्रीराम इंटरनेशनल गुरुकुल, ठोल में पर्यावरण संरक्षण को समर्पित वृहद पर्यावरण महायज्ञ एवं पौधारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अथर्ववेद के संदेश माता भूमि पुत्रो पृथिव्या के साथ हुई। इस अवसर पर 250 पौधों का रोपण एवं वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के वेद प्रचार अधिष्ठाता स्वामी सच्चिदानंद सरस्वती तथा धर्माचार्य मोहनलाल शास्त्री ने किया, जबकि संयोजन शाहबाद वेद प्रचार इकाई प्रमुख सुमन सांगवान ने संभाला। वक्ताओं ने कहा कि यह अभियान केवल कुरुक्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक जिले में व्यापक स्तर पर पौधारोपण किया जाएगा। उन्होंने लोगों से एक आर्य परिवार–पांच पौधे लगाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। साथ ही परिवार सहित पौधारोपण कर उसकी तस्वीर साझा करने की अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक लोगों को इस अभियान से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।





## सांपला में बारिश में खिसकी नेशनल हाईवे की सुरक्षा दीवार, हादसे का खतरा

**सांपला।** लगातार हो रही बारिश के बीच नेशनल हाईवे-334 पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ गई है। सांपला-गिझी बाईपास के पास हाईवे की सुरक्षा दीवार खिसकने से बड़ा हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय लोगों ने समय रहते मरम्मत कराने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि हाईवे अथॉरिटी ने जल्द कदम नहीं उठाए तो बारिश के दौरान गंभीर दुर्घटना हो सकती है। जानकारी के अनुसार, सोनीपत-झज्जर नेशनल हाईवे-334 पर दतौड़-गिझी मार्ग के बीच पिछले वर्ष करीब 10 फुट ऊंची सर्विस रोड का निर्माण किया गया था। निर्माण के कुछ समय बाद ही सुरक्षा दीवार में दरारें पड़नी शुरू हो गई थीं। धीरे-धीरे दीवार अपनी जगह से खिसकती चली गई और अब लगातार बारिश के कारण उसके नीचे की मिट्टी भी बहने लगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मानसून की शुरुआत के साथ स्थिति और गंभीर होती जा रही है। यदि लगातार बारिश जारी रही तो सुरक्षा दीवार पूरी तरह ढह सकती है, जिससे सर्विस रोड और मुख्य मार्ग दोनों प्रभावित हो सकते हैं।

## 7 को नई अनाज मंडी में होगा भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. गुप्ता का स्वागत समारोह

**महम।** 7 जुलाई को रोहतक की नई अनाज मंडी में भारतीय जनता पार्टी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत समारोह आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर महम में भाजपा कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के आवास पर की गई। इस बैठक में भाजपा नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से पार्टी की प्रदेश अध्यक्ष के स्वागत समारोह में अधिक से अधिक संख्या भाग लेने की अपील की। नवनियुक्त भाजपा जिला प्रभारी एडवोकेट विजयपाल और जिला प्रधान रणवीर ढाका ने भी इस बैठक को संबोधित किया। बैठक में सत्यप्रकाश बिसला, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष रवि शंकर सोनी, महंत सतीश दास, पूर्व प्रत्याशी अजीत अहलावत, दीपक हुड्डा, राजेश शर्मा गिरावड, राकेश भारद्वाज, मंडल अध्यक्ष मुकेश खत्री, मनोज पहलवान, रेखा रोहिल्ला, बसंत लाल, वीरू गिरोत्रा, सतपाल सडाना, कविता खरकड़ा, मोनू मल्होत्रा, ईश्वर बहमनी आदि रहे।



## फेसबुक पर रिश्तेदार बनकर ठगे डेढ़ लाख

**रोहतक।** जिले में साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस को दी शिकायत में मनोज कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी गांव बोहर ने बताया कि 1 जुलाई को उसे फेसबुक पर एक मैसेज मिला। मैसेज भेजने वाले की प्रोफाइल पर उसके जीजा के भाई सुनील, जो अमेरिका में रहते हैं, का फोटो लगा हुआ था। आरोपी ने खुद को सुनील बताते हुए वीजा संबंधी समस्या का हवाला दिया और व्हाट्सएप पर बात करते हुए कहा कि वीजा के लिए 2.61 लाख रुपये की जरूरत है। मनोज ने बताया कि उसने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जताई, लेकिन आरोपी की बातों में आकर उसने 1.50 लाख रुपये उसके बताए खाते में भेज दिए। बाद में जब उसने असली सुनील से बात की तो पता चला कि उन्होंने कोई पैसे नहीं मांगे थे। तब उसे अपने साथ साइबर ठगी होने का पता चला। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बैंक खाते से 99,900 रुपये निकाले

सिविल लाइन थाना पुलिस ने प्रेम नगर निवासी संजीत पुत्र ईश्वर सिंह की शिकायत पर अज्ञात ठग के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। संजीत ने पुलिस को बताया कि 19 जून 2026 को उसने अपने एक्सिस बैंक खाते का बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके खाते से 99,900 रुपये निकल चुके हैं। उसने यह लेनदेन नहीं किया था। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

## आपदा के समय घबराने की बजाय जागरूकता से करें कार्य : अभिलाष शर्मा

**रोहतक।** लाढ़ौत रोड स्थित गुरुकुल विश्वभारती में शुक्रवार को शिक्षकों के लिए 'आपदा प्रबंधन' विषय पर एक विशेष इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन अभिलाष शर्मा ने प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के दौरान सतर्कता, त्वरित निर्णय क्षमता, प्राथमिक उपचार, सुरक्षित निकासी, आपदा पूर्व तैयारी तथा विद्यालय स्तर पर प्रभावी आपदा प्रबंधन की रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आपदा के समय घबराने के बजाय जागरूकता, प्रशिक्षण और सामूहिक समन्वय ही जन-धन की हानि को न्यूनतम कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य संजय कौशिक सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्राचार्य ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिक्षकों को आपात परिस्थितियों का प्रभावी ढंग से सामना करें।

**निर्देश** हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लगाए जाते हैं शिविर

# समाधान शिविरों की लंबित शिकायतों का जल्द निपटारा करें अधिकारी : उपायुक्त

### समाधान के दौरान लोगों से संवाद स्थापित कर दें पूर्ण जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी लंबित शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर उचित और समयबद्ध निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान के दौरान संबंधित नागरिकों से संवाद स्थापित कर उन्हें विभागीय कार्रवाई की पूरी जानकारी दी जाए, ताकि शिकायतों का स्थायी समाधान हो सके। शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में हरियाणा समाधान प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक जिला एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों का त्वरित निस्तारण संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समाधान में किसी भी तरह का विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


**रोहतक।** समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### 1 सीएम कार्यालय भी नियमित रूप से कर रहा शिकायतों की समीक्षा

### ये रहे मौजूद

बैठक में एएसपी आयुष यादव, नगराधीश शुभम, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक, परिवहन महाप्रबंधक नवीन कुमार, तहसीलदार दिनेश कुमार, कार्यकारी अभियंता संजीव कुमार, हाइड्रोलॉजिस्ट दलबीर राणा, जिला सांख्यिकी अधिकारी नवदीप खत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक, बिजेंद्र हुड्डा आदि मौजूद रहे।

### समस्याओं का प्रभावी निपटारा प्राथमिकता

डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से लंबित मामलों की समीक्षा करें और विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह के निर्देशानुसार नागरिकों की समस्याओं का प्रभावी निपटारा सरकार की प्राथमिकता है तथा मुख्यमंत्री कार्यालय भी समाधान शिविरों में प्राप्त शिकायतों की नियमित समीक्षा कर रहा है। नगराधीश शुभम ने सीएम विंडो, सोशल मीडिया ग्रीवेंस ट्रैकर और सीपीग्राम्स पोर्टलों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी लंबित शिकायतों का निर्धारित समय सीमा के भीतर गंभीरता से निपटारा किया जाए।

## ऑपरेशन के बाद बिगड़ी महिला की हालत परिजनों का डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप

**रोहतक।** शहर के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन के बाद महिला की तबीयत बिगड़ने का मामला सामने आया है। पीड़ित परिवार ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए सिविल लाइन थाना पुलिस को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। थाने में दी शिकायत के अनुसार, शिकायतकर्ता ने बताया कि उसकी माता शकुंतला, पत्नी स्व. अनिल कुमार का 30 जून को एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया था। आरोप है कि ऑपरेशन के बाद जब महिला को वार्ड में लाया गया तो परिजनों ने देखा कि उनके गाल पर टेप लगी हुई थी और शरीर के ऊपरी हिस्से पर पट्टियां काफी कसकर बांधी गई थीं। परिजनों का आरोप है कि गले और दोनों कंधों के पास गहरे निशान पड़ गए। उन्होंने अस्पताल स्टाफ से इसकी जानकारी ली, लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं मिला। शिकायत में कहा गया है कि कई बार डॉक्टरों से बात करने की कोशिश की गई, लेकिन स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। शिकायतकर्ता का कहना है कि 3 जुलाई को भी अस्पताल प्रशासन से मामले की जानकारी मांगी गई, लेकिन डॉक्टरों ने कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया। परिजनों का आरोप है कि इलाज के दौरान बरती गई कथित लापरवाही के कारण महिला को शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ा।

अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप

# भारतीय बेटियों ने जीते 9 पदक ओवरऑल चैंपियनशिप में दूसरा स्थान



**रोहतक।** थाईलैंड के पटाया में आयोजित अंडर-20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में भारतीय महिला कुश्ती टीम ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। भारतीय बेटियों ने मैट पर अपने दमदार खेल के दम पर कुल 9 पदक अपने नाम किए। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में अपनी बादशाहत साबित करते हुए 3 स्वर्ण, 3 रजत और 3 कांस्य पदक झटके। भारतीय दल ने अंक तालिका में शानदार निरंतरता दिखाते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप में दूसरा स्थान हासिल कर उपविजेता की ट्रॉफी भी अपने नाम की। 50 किलोग्राम भार वर्ग में प्रवीण, 53 किलोग्राम में मुस्कान और 76 किलोग्राम भार वर्ग में काजल ने देश की झोली में स्वर्ण पदक डाले। कड़े मुकाबलों के बाद 57 किलोग्राम वर्ग में मान्या, 62 किलोग्राम में सविता और 72 किलोग्राम भार वर्ग में मनीषा ने रजत पदक पर कब्जा किया। 55 किलोग्राम वर्ग में काजल, 59 किलोग्राम में कोमल और 68 किलोग्राम भार वर्ग में मानसी ने देश के लिए कांस्य पदक जीते। महिला कुश्ती टीम की इस अभूतपूर्व सफलता पर खेल जगत में खुशी की लहर है। भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष संजय सिंह, हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर, कोच मंदीप ने सभी विजेता खिलाड़ियों, कोचों और सपोर्ट स्टाफ को इस शानदार सफर और अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराने के लिए बधाई दी है।

एशियन गेम्स में पदक जीतने का लक्ष्य

# स्वर्ण पदक विजेता लक्ष्य ने जींद पहुंचकर अपने कोच चांद चहल से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

वर्ल्ड कप रोइंग चैंपियनशिप में भारत के लिए ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने वाले रोवर (हवलदार) लक्ष्य अपनी इस स्वर्णिम सफलता के बाद सीधे अपने गुरु और कोच चांद चहल का आशीर्वाद लेने पहुंचे। वर्तमान में लक्ष्य भारतीय कैंप का हिस्सा बनकर पुणे में आगामी एशियाई खेलों के लिए कड़ा अभ्यास कर रहे हैं। लक्ष्य और उनके कोच चांद चहल का मानना है कि असली जश्न अभी बाकी है। खिलाड़ी ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ कहा कि उनका एकमात्र लक्ष्य एशियन गेम्स में देश के लिए पदक जीतना है। कोच चांद चहल ने लक्ष्य की इस ऐतिहासिक यात्रा को याद करते हुए बताया कि लाखन माजरा निवासी लक्ष्य ने 2018 में महज 12 वर्ष की उम्र में उनके पास रोइंग की बारीकियां सीखने आए थे।


लक्ष्य को सम्मानित करते हुए।

### थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने नई दिल्ली में लक्ष्य को विशेष रूप से सम्मानित किया

1 जुलाई को ही लक्ष्य पूरे 20 वर्ष के हुए हैं। इन 8 वर्षों की कड़ी मेहनत और अनुशासन के दम पर लक्ष्य ने अंतरराष्ट्रीय पटल पर एक के बाद एक कई बड़ी उपलब्धियां अपने नाम की हैं, जिनमें मुख्य रूप से शामिल जूनियर एशिया चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, अंडर 21 ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल, सीनियर एशिया चैम्पियनशिप में एक गोल्ड व एक सिल्वर मेडल और अब वर्ल्ड कप में ऐतिहासिक प्रदर्शन के साथ गोल्ड मेडल जीता है। भारतीय सेना में सेवारत हवलदार लक्ष्य के इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर पूरे देश को गर्व है। इसी कड़ी में बीते कल ही देश के थल सेनाध्यक्ष जनरल धीरज सेठ ने नई दिल्ली में लक्ष्य को विशेष रूप से सम्मानित किया। जींद के छोटू राम स्पोर्ट्स क्लब ने रोइंग खेल में जूनियर एशिया से लेकर सीनियर वर्ल्ड कप तक हर स्तर पर देश को मेडल दिए हैं।

# चमारिया में नाले की खुदाई पर घमासान: जेसीबी चली तो सड़क पर उतरे ग्रामीण, सरपंच पर भी लगे कब्जे के आरोप

## ग्रामीण बोले, अतिक्रमण हटाया जा रहा तो सभी पर एक समान नियम लागू क्यों नहीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

गांव चमारिया में शुक्रवार को नाले की खुदाई को लेकर उस समय माहौल गर्मा गया, जब प्रशासनिक अमला पुलिस बल के साथ कार्रवाई करने पहुंचा। जेसीबी मशीन जैसे ही नाले की खुदाई के लिए आगे बढ़ी, ग्रामीणों ने मौके पर विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने प्रशासन के सामने सरपंच और उसके परिवार पर भी पंचायती जमीन पर कब्जा करने के आरोप लगाए और सवाल उठाया कि यदि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई हो रही है तो सभी पर एक समान नियम लागू क्यों नहीं किए जा रहे। हालांकि पुलिस की मौजूदगी में प्रशासन ने विरोध के बीच कार्रवाई जारी रखी और नाले की खुदाई शुरू करवा दी।



### पुलिस बल ने गांव पहुंचकर नाले की खुदाई का कार्य शुरू करवाया

जानकारी के अनुसार गांव की सरपंच की ओर से नाले की खुदाई के दौरान किसी प्रकार के विवाद की आशंका को देखते हुए प्रशासन से ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त करने का अनुरोध किया गया था। इस पर प्रशासन ने नायब तहसीलदार विजेंद्र को ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया। उनके नेतृत्व में प्रशासनिक टीम और पुलिस बल गांव पहुंचा तथा नाले की खुदाई का कार्य शुरू करवाया गया।

### पहले ही करीब आठ फुट जगह छोड़ रखी

कार्रवाई के दौरान ग्रामीण संजू ने प्रशासन के सामने अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए कहा कि जिस जमीन को लेकर कार्रवाई की जा रही है, वहां उनके परिवार ने पहले ही करीब आठ फुट जगह छोड़ रखी है। अब मात्र नौ इंच जमीन के नाम पर कार्रवाई की जा रही है, जबकि सरपंच के परिवार द्वारा कथित रूप से आठ फुट पंचायती जमीन पर कब्जा किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इस संबंध में उनके पास सबूत भी हैं और कई बार अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन सरपंच के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने मौके पर मौजूद ड्यूटी मजिस्ट्रेट से भी निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की।

### विकास कार्यों में हमेशा विरोध झेलना पड़ता

दूसरी ओर सरपंच प्रतिनिधि स्वराज हुड्डा ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि गांव के विकास कार्यों में हमेशा विरोध झेलना पड़ता है। उन्होंने कहा कि गांव के मुख्य रास्ते पर दो परिवारों ने अतिक्रमण कर रखा था, जिसे हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके घर के सामने जिस जमीन को लेकर आरोप लगाए जा रहे हैं, वह रिकॉर्ड के अनुसार साढ़े 27 फुट चौड़ी गली का हिस्सा है और इसकी पैमाइश तहसीलदार पहले ही कर चुके हैं। उनका कहना था कि आरोप लगाने वाले उनके ही परिवार के लोग हैं, इसलिए व्यक्तिगत कारणों से इस तरह के आरोप लगाए जा रहे हैं।

### कार्रवाई जिला उपायुक्त के निर्देशानुसार की



ड्यूटी मजिस्ट्रेट एवं नायब तहसीलदार विजेंद्र ने बताया कि यह कार्रवाई जिला उपायुक्त सचिन गुप्ता के निर्देशानुसार की गई है। पूरे अभियान के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और शांतिपूर्ण तरीके से नाले की खुदाई करवाई गई। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य किसी एक व्यक्ति को निशाना बनाना नहीं, बल्कि सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाना है। यदि जांच में कहीं और भी कब्जा पाया जाता है तो नियमानुसार उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि गांव में अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी और सभी मामलों में समान रूप से नियमों का पालन कराया जाएगा।

### *कथित कब्जों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए*

ग्रामीण जसबीर ने आरोप लगाया कि कुछ महीने पहले गांव के अड्डे पर सरपंच की ओर से करीब आठ फुट गहरा गड्ढा खुदवाया गया था, जो कई महीनों तक खुला पड़ा रहा। बाद में ग्रामीणों ने स्वयं उसे भरवाया। उनका कहना था कि यदि प्रशासन वास्तव में अतिक्रमण हटाने की मुहिम चला रहा है तो सरपंच और उसके परिवार द्वारा किए गए कथित कब्जों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने सरपंच के खिलाफ पहले भी शिकायतें देने का दावा किया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

### *गांव में केवल कुछ लोगों को ही बनाया जा रहा निशाना*

ग्रामीण रविंद्र ने भी प्रशासनिक कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि गांव में केवल कुछ लोगों को ही निशाना बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरपंच स्वयं अवैध कब्जा किए हुए हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही। रविंद्र ने कहा कि गांव में बार-बार जेसीबी पहुंचने से बच्चे तक डरने लगे हैं और उन्हें सपनों में भी जेसीबी दिखाई देने लगी है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिन लोगों का प्रभाव है, उनके कब्जों को नजरअंदाज किया जाता है।

## न्यूज डायरी



### वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच व्यापार और उद्यमिता पर मंथन, मलेशिया में एजीबीए वर्ल्ड कांग्रेस प्रारंभ

**रोहतक।** वैश्विक स्तर पर बढ़ती आर्थिक अनिश्चितता, युद्ध और भू-राजनीतिक तनाव के बीच व्यापार, उद्यमिता और उच्च शिक्षा के भविष्य पर चर्चा के लिए एकेडमी फॉर ग्लोबल बिजनेस एडवांसमेंट (एजीबीए) की 22वीं वर्ल्ड कांग्रेस का शुभारंभ मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में हुआ। तीन दिवसीय इस सम्मेलन (2-4 जुलाई) की सह-मेजबानी भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रोहतक के साथ अमेरिका, ओमान, वियतनाम और मलेशिया के कई प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय कर रहे हैं। वैश्वीकरण और डिजिटलीकरण के दौर में व्यवसाय एवं उद्यमिता का विकास विषय पर आयोजित इस वैश्विक सम्मेलन में 22 देशों के प्रतिनिधि, 104 विश्वविद्यालयों और 10 गैर-शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयनित 260 शोध-पत्र प्रस्तुत किए जा रहे हैं।सम्मेलन का प्रमुख आकर्षण आईआईएम रोहतक के निदेशक प्रो. धीरज पी. शर्मा की नई पुस्तक अंडरस्टैंडिग इंडियन यूथ द जेन जी प्रॉपर्टीज का वैश्विक विमोचन रहा। इसके साथ ही प्रो. शर्मा को व्यवसाय शिक्षा, शोध और अकादमिक नेतृत्व में उत्कृष्ट योगदान के लिए एजीबीए विशिष्ट अभिनव शैक्षणिक नेतृत्व पुरस्कार-2026 से सम्मानित किया गया।

### आज से रोहतक में सजेगा रंगमंच का महाकुंभ, चार दिन तक नाटकों का मेला

**रोहतक।** शहर में आज (4 जुलाई) से रंगमंच का उत्सव शुरू होने जा रहा है। चार दिनों तक रोहतक के रंगमंच प्रेमियों को देश के विभिन्न शहरों की नाट्य संस्थाओं के बेहतरीन नाटक देखने का अवसर मिलेगा। उत्तर क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र पटियाला, स्कॉलर्स रोजरी स्कूल और सप्तक कल्चरल सोसाइटी रोहतक के संयुक्त तत्वावधान में 4 से 7 जुलाई तक वर्षा ऋतु नाट्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा। सभी नाटकों का मंचन प्रतिदिन शाम 6:30 बजे सोनीपत रोड स्थित स्कॉलर्स रोजरी स्कूल के सभागार में होगा। सप्तक कल्चरल सोसाइटी के अध्यक्ष अविनाश सैनी ने बताया कि नाट्योत्सव का शुभारंभ 4 जुलाई को गुरुग्राम की संस्था द गुरुग्राम थिएटर द्वारा प्रताप सहगल लिखित नाटक मौत क्यों रात भर नहीं आती के मंचन से होगा। इस नाटक का निर्देशन वरिष्ठ रंग निर्देशक मोहन कांत ने किया है। 5 जुलाई को मेजबान संस्था सप्तक कल्चरल सोसाइटी रोहतक के कलाकार वसंत सबनीस के चर्चित व्यंग्य नाटक सैयां भये कोतवाल का मंचन करेंगे। इस नाटक का निर्देशन अविनाश सैनी ने किया है। 6 जुलाई को पेरिटी आर्ट थिएटर, नरवाना की ओर से नादिरा जहीर बब्बर लिखित एकल नाटक दयाशंकर की डायरी' प्रस्तुत किया जाएगा।



### कीर्ति चक्र विजेता कैप्टन दीपक शर्मा की जयंती पर उमड़े श्रद्धा के स्वर

**रोहतक।** कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन दीपक शर्मा की जयंती पर शुक्रवार को मॉडल टाउन स्थित उनके स्मारक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक भारत भूषण बत्रा, सेना व एनसीसी के जवानों, पूर्व सैनिकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर वीर सपूत को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा, जो राष्ट्र अपने शहीदों को याद रखता है, वही भविष्य की पीढ़ियों को प्रेरणा देता है। शहीद कभी मरते नहीं, बल्कि अपने साहस, त्याग और बलिदान से हमेशा लोगों के दिलों में जीवित रहते हैं। रोहतक की धरती को गर्व है कि उसने कैप्टन दीपक शर्मा जैसा वीर सपूत देश को दिया। बत्रा ने शहीद के परिजनों का सम्मान किया और स्मारक परिसर में पौधरोपण करते हुए कहा कि यह पौधा अमर बलिदान की स्मृति का प्रतीक है। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने कैप्टन दीपक शर्मा अमर रहें/" और भारत माता की जय के नारों के साथ उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर शहीद के पिता नरेश शर्मा, देवेंद्र चहल, रामकर्ण अत्री, डॉ. एसके गौड़, कुलदीप केडी, सीए शिव कुमार गौड़, सुमित गौड़ और साहित्यकार मधुकांत बंसल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### डाक्टर्स-डे पर डॉ. सर्बपाल भाटिया सम्मानित



**रोहतक।** डॉक्टर्स डे पर इनर व्हील क्लब रोहतक सिटी ने डॉ सर्बपाल सिंह भाटिया को उनके निवास स्थान पर जाकर सम्मानित किया गया। डॉ नीलम सचदेवा प्रधान तथा पूरी टीम ने डॉ भाटिया को उनके उत्कृष्ट कार्य तथा समाज को निशुल्क नेत्र सेवाएं देने के लिए सम्मानित किया गया। डॉ सचदेवा ने कहा कि डॉक्टर्स भगवान का रूप होते हैं तथा उन्हें डॉक्टर्स डे पर सम्मानित करना हमारा फ़र्ज है।

### एमडीयू कैंपस स्कूल के एलुमनी शहीद ले. कुलदीप की पुण्यतिथि पर स्मृति यज्ञ आज



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी कैंपस स्कूल के एलुमनी शहीद ले. कुलदीप राठी की पुण्यतिथि पर 4 जुलाई को प्रातः 7 बजे मानसरोवर पार्क में स्मृति यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।शहीद कुलपति राठी के भाई एमडीयू के निदेशक छात्र कल्याण डा. प्रताप राठी ने बताया कि 4 जुलाई 2001 को ले. कुलदीप राठी जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा में आतंकवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। डा. प्रताप राठी ने बताया कि 4 जुलाई को प्रातः 7 बजे शहीद ले. कुलदीप सिंह राठी की प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा और तदुपरांत स्मृति यज्ञ प्रारंभ होगा।

## हैदराबाद में दम दिखाएंगी बेटियां

### जूनियर राष्ट्रीय रग्बी टीम प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना हुई



**रोहतक।** हैदराबाद (तेलंगाना) में 6-7 जुलाई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर रग्बी प्रतियोगिता के लिए हरियाणा की जूनियर बालिका टीम का चयन कर लिया गया है। चरखी दादरी की शहीद भगत सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी में आयोजित प्रशिक्षण शिविर के बाद टीम आज हैदराबाद के लिए रवाना हुई। मुख्य कोच राजेश तक्षक और टीम कोच भामिनी पांडेय की देखरेख में खिलाड़ियों के कौशल और फिटनेस के आधार पर अंतिम चयन किया गया।इस टीम में जींद की अंजलि को कप्तान तथा चरखी दादरी की निधि को उपकप्तान की कमान सौंपी गई है। टीम कोच के रूप में भामिनी पांडेय (गुरुग्राम) और टीम मैनेजर के पद पर राजेन्द्र सिंह (जींद) की नियुक्ति की गई है। फरीदाबाद के खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि राज्य टीम में अंजलि, रिद्धिमा, ऋतु, सुप्रिया, राधिका, मनु, सुहाना, रूबी देवी, कनिका, खुशबू, निधि और अंकेत शामिल हैं।टीम की रवानगी के अवसर पर हरियाणा रग्बी के वरिष्ठ पदाधिकारी नरेंद्र मोर, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह और चरखी दादरी रग्बी संघ के अध्यक्ष अधिवक्ता मेहरचंद सांगवान ने खिलाड़ियों को जर्सी भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया। पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि हरियाणा की बेटियां अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना से प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। इस दौरान कई खेल प्रेमी और गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**
- MRI/CT TECHNICIAN 4
- COMPUTER OPERATOR 2
- PRO 2
- NURSING STAFF 4
- WARD BOY 2
- GATE KEEPER 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## मतदाता सूची अपडेट करने के लिए विशेष पुनरीक्षण अभियान जारी



**रोहतक।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत अतिरिक्त उपायुक्त एवं कलानौर विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी नरेंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलानौर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) से अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान के तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं को गणना फॉर्म वितरित कर रहे हैं। भरे हुए फॉर्म एकत्रित करने के साथ उनका डिजिटाइजेशन और सत्यापन भी किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची पूरी तरह सटीक और अद्यतन बनाई जा सके।

## प्लास्टिक मुक्त रोहतक के निर्माण में सभी नागरिक दें अपना सहयोग

**रोहतक।** नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक एवं प्रदूषण कन्ट्रोल बोर्ड द्वारा ''विश्व प्लास्टिक बैग मुक्त दिवस'' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम कार्यालय में किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की शपथ दिलाई।



### दुकानदारों से मेयर ने सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने की अपील की

महापौर ने शहर के सभी दुकानदारों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं बाजार संघों से भी अपील की कि वे प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक की खरीद-फरोख्त एवं उपयोग पूर्णत बंद करें तथा ग्राहकों को पर्यावरण-अनुकूल विकल्प उपलब्ध कराने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि नगर निगम द्वारा जागरूकता अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं और प्रतिबंधित प्लास्टिक के निर्माण, भंडारण, बिक्री एवं उपयोग करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि वे 'मेरा शहर, प्लास्टिक मुक्त शहर' के संकल्प को जन-आंदोलन बनाएं तथा स्वच्छ, हरित और स्वस्थ रोहतक के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाएं।

विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुरूप कार्य कर व्यापक हितों को सर्वोपरि रखें कर्मचारी संगठन

# विवि की प्रगति छात्र, शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर: कुलपति

- एमडीयू में गूंजी कर्मचारियों की मांग: रिक्त पदों पर जल्द भर्ती और कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के आईएचटीएम सभागार में शुक्रवार को अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई। दो दिवसीय इस बैठक में हरियाणा सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए विश्वविद्यालय कर्मचारी संगठनों के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष और पदाधिकारी भाग ले रहे हैं। मुख्य अतिथि एमडीयू कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की प्रगति छात्र, शिक्षक और गैर-शिक्षक कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों पर निर्भर करती है। ये तीनों विश्वविद्यालय व्यवस्था के मजबूत स्तंभ हैं और इनके बीच बेहतर समन्वय, विश्वास तथा संवाद संस्थान को नई ऊंचाइयों तक ले जाता है। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे अपनी समस्याओं और मांगों को शिष्टाचार एवं सकारात्मक सोच के साथ प्रशासन के समक्ष रखें ताकि उनका समाधान आपसी संवाद से निकाला जा सके।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एमडीयू के रजिस्ट्रार प्रो. संदीप बंसल ने कहा कि किसी भी बैठक की सफलता उसके सकारात्मक परिणामों से तय होती है। यदि इस कार्यकारिणी बैठक से कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में ठोस पहल होती है, तभी इसका उद्देश्य सार्थक होगा। उन्होंने कर्मचारी संगठनों से विश्वविद्यालय अधिनियम के अनुरूप कार्य करने और विश्वविद्यालय परिवार के व्यापक हितों को सर्वोपरि रखने की अपील की। बैठक में महासंघ के आगामी राष्ट्रीय अधिवेशन-2026 के एजेंडे और कर्मचारियों से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। महासंघ ने विश्वविद्यालयों की स्वायत्तता (ऑटोनॉमी) को बनाए रखने, विभिन्न विश्वविद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती प्रक्रिया शुरू करने, वेतन विसंगतियों का समाधान करने, कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने तथा उच्च शिक्षा विभाग में लंबित मामलों का जल्द निस्तारण करने की मांग प्रमुखता से उठाई।

## खबर संक्षेप

### नकदी-जेवर लेकर महिला लापता, गुमशुदगी दर्ज

**रोहतक।** सैनिक कॉलोनी थाना क्षेत्र में एक महिला नकदी, जेवर और दस्तावेज लेकर घर से लापता हो गई। शिकायतकर्ता राम बक्श ने पुलिस को बताया कि वह 1 जुलाई को काम पर गया था। बाद में सूचना मिली कि उसकी पत्नी ममता घर पर नहीं है। परिजनों ने काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। जांच में पता चला कि ममता घर से आधार कार्ड, करीब 70 हजार रुपये नकद, सोने के कुंडल, चांदी की पायल और अन्य जरूरी सामान साथ ले गई है। उसका मोबाइल भी बंद है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर महिला की तलाश शुरू कर दी है।

### एसआईआर कार्य 14 जुलाई तक पूरा करें

**महम।** महम के एसडीएम एवं रिटर्निंग अधिकारी विपिन कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को निर्देश दिए कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का कार्य 14 जुलाई 2026 तक हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने में किसी तरह की लापरवाही न हो। समीक्षा बैठक में उन्होंने प्रगति की जानकारी ली और गणना प्रपत्रों के वितरण व डिजिटाइजेशन को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। महम विधानसभा क्षेत्र में 217 बीएलओ तैनात हैं। अब तक 99 प्रतिशत प्रपत्र वितरित और 67,894 का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। उन्होंने समयबद्ध कार्य पूर्ण करने पर जोर दिया।

### मतदाता पुनरीक्षण में 96% फॉर्म वितरित

**रोहतक।** जिले में विशेष गहन मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत अब तक 96.31 प्रतिशत गणना फॉर्म वितरित किए जा चुके हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले में 831 बीएलओ कार्यरत हैं, जिन्होंने 8,18,958 मतदाताओं तक फॉर्म पहुंचाए हैं। इनमें से 35.84 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइजेशन और 35.57 प्रतिशत का सत्यापन पूरा हो चुका है। चारों विधानसभा क्षेत्रों में कार्य तेजी से जारी है।

## गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान में प्रिंसिपल को सेवा विस्तार दिए जाने पर पदाधिकारियों में खिचीं तलवारें

# आरोपः वित्तीय अनियमितता हुई, जांच करवाओ : रामकरण

■ सेवानिवृत्ति के बाद सेवा विस्तार का किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान के प्रिंसिपल को सेवा विस्तार दिए जाने की चर्चाओं के बीच संस्था की अंदरूनी राजनीति एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। संस्था के पूर्व अध्यक्ष और पूर्व महासचिव ने शुक्रवार को संयुक्त रूप से प्रेसवार्ता कर प्रिंसिपल के कार्यकाल पर सवाल उठाए। उन्होंने वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाते हुए सरकार से पूरे कार्यकाल की जांच कराने, खातों का ऑडिट करवाने और किसी भी स्थिति में सेवा विस्तार नहीं देने की मांग की। पूर्व अध्यक्ष रामकरण अत्री ने कहा कि प्रिंसिपल 30 जून को सेवानिवृत्त हो चुके हैं, लेकिन अब उन्हें दोबारा सेवा विस्तार दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उनका कहना था कि संस्था में कई योग्य, अनुभवी और वरिष्ठ शिक्षक मौजूद हैं, जिन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए। ऐसे में सेवानिवृत्त अधिकारी को दोबारा मौका देना उचित नहीं होगा। रामकरण अत्री ने आरोप लगाया कि जयपाल शर्मा ने करीब सात वर्षों तक प्रिंसिपल के पद पर रहते हुए संस्था को मिली विभिन्न सरकारी और अन्य अनुदान राशि का आज तक स्पष्ट हिसाब सार्वजनिक नहीं किया।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामकरण अत्री, पूर्व महासचिव कृष्ण कौशिक व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### संस्था के खातों का ऑडिट कराया जाए

सरकार से मांग की कि उनके पूरे कार्यकाल की वित्तीय जांच कराई जाए और संस्था के खातों का स्वतंत्र ऑडिट कराया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि संस्था के धन का उपयोग किस प्रकार किया गया। संस्था के पूर्व महासचिव कृष्ण कौशिक ने भी आय-व्यय का पूरा विवरण सार्वजनिक करने की मांग की। संस्था समाज की है और इसके संसाधनों के उपयोग में पूरी पारदर्शिता होनी चाहिए। यदि मांगों को नजरअंदाज कर सेवा विस्तार दिया गया तो संस्था से जुड़े सदस्य धरना-प्रदर्शन करेंगे। सीएम और पीएम को ज्ञापन सौंपकर जांच और कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# प्रत्यारोपः स्वार्थ के चलते छवि धूमिल करने का प्रयास : अत्री

■ संस्थान विकास की राह पर आगे बढ़ रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गौड़ ब्राह्मण शिक्षण संस्थान को लेकर पूर्व पदाधिकारियों की ओर से लगाए गए आरोपों के बाद शुक्रवार को संस्थान से जुड़े पदाधिकारियों और आजीवन सदस्यों ने प्रेसवार्ता कर पलटवार किया। उन्होंने आरोपों को निराधार बताते हुए दावा किया कि संस्थान लगातार विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है और कुछ लोग राजनीतिक स्वार्थ के चलते इसकी छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। आजीवन सदस्य एडवोकेट मोनू अत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा नई वोट (मतदाता सूची) खोले जाने के बाद संस्थान के चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। बड़ी संख्या में नए सदस्य जुड़े हैं और अब चुनाव लोकतांत्रिक व पारदर्शी तरीके से होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा के सहयोग से पहरावर में 16 एकड़ में भगवान परशुराम कैंपस-3 का निर्माण कार्य जारी है, जबकि चार एकड़ में भगवान परशुराम स्मृति स्थल विकसित किया जा रहा है। पूर्व प्रधान अत्री ने आरोप लगाया कि कुछ लोग राजनीतिक लाभ के लिए चुनाव प्रक्रिया में बाधा डालने और संस्थान की छवि खराब करने का प्रयास कर रहे हैं।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते पूर्व प्रधान आजाद अत्री।

### पांच करोड़ की मैचिंग ग्रांट खाते में जमा

मोनू अत्री ने बताया कि संस्थान के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए करीब पांच करोड़ रुपये की मैचिंग ग्रांट विशेष खाते में जमा कर सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। उन्होंने दावा किया कि पिछले सात वर्षों में संस्थान में विद्यार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। संस्कृत कॉलेज में छात्र संख्या 40 से बढ़कर करीब 200 और स्कूल में 200 से बढ़कर लगभग 600 हो गई है। साथ ही यूथ फेस्टिवल में पहली बार द्वितीय स्थान हासिल किया गया है। प्रिंसिपल डॉ. जयपाल शर्मा पर लगाए जा रहे आरोप बेबुनियाद हैं और जिन्होंने आरोप लगाए हैं, उन्हें भी अपने कार्यकाल का पूरा हिसाब समाज के सामने रखना चाहिए।

## त्योहारी सीजन से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग की कार्रवाई से हड़कंप

# लाखनमाजरा बाजार में पनीर मावा और घेवर के लिए नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग ने शुक्रवार को लाखनमाजरा बाजार में विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान विभाग की टीम ने पनीर, खोआ (मावा) और विभिन्न प्रकार के घेवर के कुल छह सैंपल लेकर प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजे। कार्रवाई के दौरान बाजार में हलचल रही और दुकानदार सतर्क नजर आए। अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता स्पष्ट होगी। यदि किसी नमूने में मिलावट या खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया तो संबंधित दुकानदार के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी। अभियान के दौरान व्यापारियों को खाद्य लाइसेंस और पंजीकरण बनवाने के लिए भी जागरूक किया गया। अधिकारियों ने उन्हें खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने और उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने की सलाह दी। त्योहारी सीजन में मिलावट रोकने के लिए सैंपलिंग अभियान जारी रहेंगे।



रोहतक। खाद्य सुरक्षा अधिकारी योगेश कादयान सैंपल भरते हुए। फोटो : हरिभूमि

### खाद्य सामग्री में मिलावट बर्दाश्त नहीं होगी

त्योहारी सीजन में मिठाइयों और डेयरी उत्पादों की मांग बढ़ने के कारण विभाग लगातार बाजारों में जांच कर रहा है। उद्देश्य मिलावट पर रोक लगाकर उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। मिलावट बर्दाश्त नहीं होगी। -डॉ. योगेश कादयान खाद्य सुरक्षा अधिकारी

# शिमली बीपीएल प्लॉट आवंटन पर ग्रामीणों ने उठाए सवाल

## अनियमितताओं का आरोप, सीएम को भेजी शिकायत

■ अपात्र लोगों को लाभ देने का किया दावा

■ रिकॉर्ड सार्वजनिक करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

गांव शिमली में बीपीएल प्लॉट आवंटन को लेकर विवाद गहरा गया है। ग्रामीण मोनू व अन्य ने मुख्यमंत्री के नाम शिकायत भेजकर पंचायत भूमि पर प्लॉट आवंटन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि वर्ष 2014 में पात्र परिवारों को प्लॉट देने के उद्देश्य से पंचायत भूमि सुरक्षित की गई थी, लेकिन वर्तमान प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। ग्रामीणों का आरोप है कि आवंटन सूची में कई ऐसे लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, जो पहले से मकान, जमीन, सरकारी नौकरी या अन्य संपत्ति रखते हैं, जबकि जरूरतमंद परिवार अब भी लाभ से वंचित हैं। उनका यह भी कहना है कि पंचायत की बैठक में प्रस्ताव पारित किए बिना और ग्राम सभा की सहमति के बगैर प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, जिससे नियमों के पालन पर सवाल खड़े हो रहे हैं। मोनू व अन्य ने मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, प्लॉट आवंटन से जुड़े सभी रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं और अपात्र लोगों के नाम हटाकर पात्र परिवारों को ही लाभ दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि शिकायत पर निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो ग्रामीण उच्च अधिकारियों से मिलकर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

# निगमायुक्त ने विकास कार्यों का निरीक्षण किया, गुणवत्ता पर जोर



रोहतक। विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने शुक्रवार को शहर और ग्रामीण क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों को गुणवत्ता तथा समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गांव गढ़ी बोहर में निर्माणाधीन पार्क और स्टेडियम का जायजा लिया तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और तकनीकी मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा। इसके बाद आयुक्त ने प्रस्तावित ऑडिटोरियम के लिए चयनित स्थल का भी निरीक्षण किया और परियोजना पर अधिकारियों से चर्चा की। नगर निगम कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सभी विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और किसी भी अनियमितता पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### बुलेट से स्वास्थ्य जागरूकता फैला रहीं तापसी, एमडीयू वीसी से मिलीं



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया से मिशन हेल्दी भारत अभियान चला रहीं तापसी उपाध्याय ने मुलाकात की। कंप्यूटर साइंस की छात्रा तापसी रॉयल एनफील्ड बुलेट पर देशभर का भ्रमण कर स्वस्थ जीवनशैली, उचित आहार और मोटापा मुक्त भारत का संदेश दे रही हैं। कुलपति ने उनके प्रयासों की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायी बताया। उन्होंने कहा कि जंक फूड और बढ़ते मोटापे से बचने के लिए युवाओं सहित सभी आयु वर्ग के लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनानी चाहिए।

### वार्ड-3 और 7 में सफाई अभियान गंदगी फैलाने वालों के काटे चालान



**रोहतक।** नगर निगम ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने के लिए शुक्रवार को वार्ड-3 और वार्ड-7 में विशेष सफाई अभियान चलाया। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्य सफाई निरीक्षकों की निगरानी में चलाए गए इस अभियान में सड़कों, गलियों, सार्वजनिक स्थलों और नालियों की व्यापक सफाई की गई। बरसात के मौसम को देखते हुए नालों की सफाई कार्य को भी तेज किया गया है ताकि जलभराव की समस्या से बचा जा सके।अभियान के दौरान किला रोड, सलारा मोहल्ला और जींद रोड सहित कई क्षेत्रों में नालों से गाद निकालकर तुरंत हटाई गई। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए डस्टबिन के उपयोग और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की अपील की गई। नगर निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान 12 चालान किए और 4,100 रुपये का जुर्माना वसूला।

### चानौत के पेयजल आंदोलन के समर्थन में किसान संगठनों ने सौंपा ज्ञापन



रोहतक। चानौत गांव की पेयजल समस्या को लेकर चल रहे आंदोलन के समर्थन में विभिन्न किसान संगठनों ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री के नाम नगराधीश को ज्ञापन सौंपा। किसान नेताओं ने गांव की वर्षों पुरानी पेयजल समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की।किसानों ने बताया कि ग्रामीण पिछले करीब 50 दिनों से शांतिपूर्ण धरने पर बैठे हैं, जिसमें महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हैं। इसके बावजूद अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है, जिससे ग्रामीणों में रोष है।ज्ञापन में मांग की गई कि खानपुर वाटर वर्क्स से हांसी जाने वाली 36 इंच पाइपलाइन से चानौत गांव को 6 इंच का कनेक्शन दिया जाए और गांव को अमृत-2 योजना से जोड़ा जाए। किसान संगठनों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन को प्रदेश स्तर पर और तेज किया जाएगा।

### रैनकपुरा में पानी का संकटः 15 दिन में सप्लाई शुरू नहीं हुई तो जाम होगा जींद बाइपास

**रोहतक।** रैनकपुरा और आसपास की कॉलोनियों में पानी की गंभीर समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों में रोष बढ़ता जा रहा है। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर बूस्टर से पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई तो जींद बाईपास को फिर से जाम किया जाएगा।स्थानीय निवासियों के अनुसार रैनकपुरा बूस्टर का निर्माण करीब छह माह पहले शुरू हुआ था, जिस पर नगर निगम ने लगभग 2.25 करोड़ रुपये खर्च किए थे। आरोप है कि ठेकेदार ने काम पूरा तो कर दिया, लेकिन बिजली कनेक्शन न होने के कारण बूस्टर अब तक चालू नहीं हो सका है।फिलहाल पब्लिक हेल्थ विभाग द्वारा टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है, लेकिन वह भी नियमित नहीं है। लोगों का कहना है कि उन्हें कई दिनों तक पानी का इंतजार करना पड़ता है। जेजेपी हलका प्रधान राकेश गुलिया ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।



रैनकपुरा बूस्टर।



हलका प्रधान राकेश गुलिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## वायु, जल, यातायात और कचरा प्रबंधन पर रहेगा फोकस

# एनसीआर की चुनौतियों पर शोध करेगा एमडीयू

■ नीति निर्माण में उपयोगी होंगे अध्ययन के निष्कर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दिल्ली एनसीआर की तेजी से बढ़ती आबादी, पर्यावरणीय संकट और सामाजिक चुनौतियों के समाधान में अब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) भी सक्रिय भूमिका निभाएगा। हाल ही में विश्वविद्यालय के दौरे पर आए दिल्ली के उप राज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने एमडीयू से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की प्रमुख समस्याओं पर शोध आधारित अध्ययन कर व्यावहारिक समाधान सुझाने का आह्वान किया था। इसी दिशा में विश्वविद्यालय ने विभिन्न विभागों के माध्यम से कार्य शुरू कर दिया है। उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान करना नहीं, बल्कि ऐसे शोध और मॉडल तैयार करना है जिन्हें नीति निर्माण और प्रशासनिक स्तर पर भी उपयोग में लाया जा सके।

### बहु-विषयक अध्ययन करेगा

दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, गाजियाबाद, नोएडा, सोनीपत, झज्जर, रोहतक और अन्य एनसीआर क्षेत्रों में पिछले कई दशक के दौरान तेज शहरीकरण हुआ है। इसके साथ पर्यावरण, सार्वजनिक स्वास्थ्य, परिवहन, जल संसाधन और सामाजिक ढांचे से जुड़ी अनेक चुनौतियां भी सामने आई हैं। विश्वविद्यालय इन विषयों पर बहु-विषयक अध्ययन कर स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप समाधान विकसित करने की दिशा में काम करेगा।

### सबसे बड़ी चिंता वायु प्रदूषण

एनसीआर में सबसे बड़ी चिंता वायु प्रदूषण है। सर्दियों के दौरान वाहनों से निकलने वाला धुआं, औद्योगिक उत्सर्जन, निर्माण गतिविधियों की धूल और पराली के धुएं के कारण वायु गुणवत्ता गंभीर स्तर तक पहुंच जाती है। इसका असर बच्चों, बुजुर्गों और श्वसन रोगियों पर सबसे अधिक पड़ता है। इसके अलावा यमुना नदी में सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट के कारण बढ़ता जल प्रदूषण, भूजल स्तर में लगातार गिरावट और कई क्षेत्रों में पेयजल संकट भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। ठोस कचरे का वैज्ञानिक निस्तारण, ई-वेस्ट का सुरक्षित प्रबंधन और प्लास्टिक प्रदूषण भी एनसीआर की प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। कई लैंडफिल स्थल अपनी क्षमता से अधिक भर चुके हैं, जिससे पर्यावरण और आसपास रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। दूसरी ओर, तेजी से हो रहे शहरी विस्तार के कारण हरित क्षेत्र घट रहे हैं और शहरी तापमान बढ़ने की समस्या भी गंभीर होती जा रही है।

### कई प्रभावी विषय शामिल

पर्यावरणीय चुनौतियों के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दे भी विश्वविद्यालय के अध्ययन का हिस्सा होंगे। इनमें यातायात जाम, सड़क सुरक्षा, सार्वजनिक परिवहन पर बढ़ता दबाव, ध्वनि प्रदूषण, झुग्गी बस्तियों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, महिलाओं की सुरक्षा, साइबर अपराध, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों के लिए सुगम सार्वजनिक ढांचा, जलभराव तथा जलवायु परिवर्तन के प्रभाव जैसे विषय शामिल किए जाएंगे। विशेषज्ञों का मानना है कि इन समस्याओं का समाधान केवल प्रशासनिक प्रयासों से नहीं, बल्कि वैज्ञानिक शोध, जनभागीदारी और व्यवहार परिवर्तन के माध्यम से ही संभव है।

### समाज और नीति निर्माण से जुड़े मुद्दों पर सार्थक योगदान दे सकता

विश्वविद्यालय प्रशासन का मानना है कि एमडीयू, एनसीआर का प्रमुख उच्च शिक्षण संस्थान होने के नाते समाज और नीति निर्माण से जुड़े मुद्दों पर सार्थक योगदान दे सकता है। विभिन्न संकायों के शोधार्थी और विशेषज्ञ मिलकर ऐसे अध्ययन करेंगे जिनके निष्कर्ष सरकार और संबंधित एजेंसियों के लिए उपयोगी साबित हो सकें। विश्वविद्यालय का प्रयास रहेगा कि शोध केवल अकादमिक दस्तावेजों तक सीमित न रहे, बल्कि एनसीआर के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने वाली ठोस सिफारिशों का आधार भी बने।

# सीएम से मुलाकात के बाद भी नहीं बनी सेक्टर-4 एक्सटेंशन की सड़क

## अब सीएम विंडो पर दी शिकायत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

सेक्टर-4 एक्सटेंशन में पिछले दो वर्षों से अधूरी पड़ी सड़क का मामला अब मुख्यमंत्री विंडो तक पहुंच गया है। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) के प्रधान सुखबीर माथुर ने मुख्यमंत्री विंडो पर शिकायत दर्ज कर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान भी सड़क निर्माण की मांग उठाई गई थी और निर्देश जारी होने के बावजूद काम शुरू नहीं हुआ। आरडब्ल्यूए के अनुसार करीब 800 मीटर लंबी सड़क का निर्माण अधूरा होने से क्षेत्रवासियों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण वाहन चालकों के लिए हादसे का खतरा बना रहता है। बरसात में गड्ढों में पानी भर जाने से स्थिति और गंभीर हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई लोग खराब सड़क के कारण चोटिल भी हो चुके हैं।